BIHAR STATE ELECTRONICS DEVELOPMENT CORPORATION LTD.

(A Bihar Government undertaking)

पत्रांक : 529 / 2024

Beltron Bhawan, Shastri Nagar,Patna - 800 023. Bihar,(India)

Help desk No.0612-2281814, 2281815

स्टेनोग्राफर (आशुलिपिक) हेतु ऑन–लाईन रजिस्ट्रेशन की सूचना

बिहार स्टेट इलेक्ट्रॉनिक्स डेवलपमेंट कार्पोरेशन लि० (बेल्ट्रॉन), मैनपावर एजेन्सी के माध्यम से राज्य सरकार के विभागों/कार्यालयों/निकायों की अधियाचनाओं के विरूद्ध संविदा के आधार पर स्टेनोग्राफरों (आशुलिपिक) की सेवा उपलब्ध कराने के लिए अभ्यर्थियों को सूचीबद्ध करता है। इस हेतु इच्छुक अभ्यर्थियों का रजिस्ट्रेशन किया जाता है तथा गुणवत्ता परीक्षण के पश्चात ही सफल अभ्यर्थियों को सूचीबद्ध किया जाता है।

संविदा के आधार पर सेवा देने के इच्छुक 10+2 पास, कम्प्यूटर तथा हिन्दी/ अंग्रेजी टाईपिंग एवं स्टेनोग्राफी का ज्ञान रखने वाले आशुलिपिक अभ्यर्थी, ऑन लाईन रजिस्ट्रेशन हेतु प्रोत्साहित किए जाते हैं। दिनांक 13-02-2024 से निगम के वेबसाईट **beltron.in/bsedc. bihar.gov.in** पर लिंक उपलब्ध होगा जिसके माध्यम से रजिस्ट्रेशन किया जा सकता है।

1. **शैक्षणिक योग्यता :**

- **10+2** पास, कम्प्यूटर तथा हिन्दी/अंग्रेजी टाईपिंग एवं स्टेनोग्राफी का ज्ञान।

2. **उम्र सीमा :** आवेदन करने की अंतिम तिथि को न्यूनतम 18 वर्ष एवं अधिकतम 59 वर्ष।

3. **परीक्षा शुल्क :–**

- केवल बिहार राज्य के अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के लिए – 250.00 (दो सौ पचास) रुपये।
- बिहार राज्य की स्थायी निवासी सभी (आरक्षित/अनारक्षित वर्ग) महिला उम्मीदवारों के लिए – 250.00 (दो सौ पचास) रुपये।
- दिव्यांग (40% दिव्यांगता या उससे अधिक) अभ्यर्थियों के लिए – 250.00 (दो सौ पचास) रुपये।
- सामान्य आरक्षण कोटि एवं अन्य सभी उम्मीदवारों के लिए – 1000.00 (एक हजार) रुपये।

(अभ्यर्थी को उपर्युक्त परीक्षा शुल्क के अतिरिक्त विभिन्न बैंकों द्वारा निर्धारित चार्ज भी देना होगा, जिसे ऑनलाईन भुगतान के क्रम में बैंक द्वारा स्वतः बैंक चार्ज के रूप में ले लिया जाएगा)

4. **ऑनलाईन आवेदन पत्र भरने से संबंधित तिथि एवं अन्य निर्देश निम्नांकित है :–**

1.	Date of Publication of Notice for registration	13.02.2024
2.	Start date of registration	13.02.2024
3.	End date of registration	05.03.2024

- सर्वप्रथम सभी अभ्यर्थियों के लिए कम्प्यूटर आधारित MCQ (Multiple Choice Question) परीक्षा आयोजित की जाएगी। MCQ परीक्षा का सिलेबस नेशनल इंस्टीच्यूट ऑफ ओपन स्कूलिंग (NIOS) के डाटा इन्ट्री ऑपरेटर के सिलेबस (कोड संख्या 338) के समान होगा। सिलेबस निगम के वेबसाईट bsedc.bihar.gov.in पर उपलब्ध है।
- MCQ परीक्षा एक घंटे की होगी जिसमें 60 वस्तुनिष्ठ MCQ प्रश्न पूछे जायेंगे जिसमें उत्तीर्णता हेतु 50% अंक लाना आवश्यक होगा।
- MCQ परीक्षा के पश्चात उचित अंतराल के बाद टाईपिंग की दक्षता परीक्षा उसी दिन आयोजित की जायेगी। हिन्दी एवं अंग्रेजी दोनो के टाईपिंग की दक्षता परीक्षा कम्प्यूटर पर ली जायगी। प्रत्येक टाईपिंग परीक्षा टेस्ट के बीच एक अन्तराल होगा।